# बाबा साहेब को याद किया गया, वैक्सीनेशन की अपील

भोपाल (हिनप्र)।

**साधु वासवानी स्कूल में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को याद किया गया। मौका था उनकी जयंती का। कार्यक्रम में अतिथि भाजपा नेता राम बंसल माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर आयोजन की शुरूआत की।**

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने डॉ. अंबेडकर की जयंती पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन और विचारों से शिक्षा ग्रहण कर उनके आदर्शोंको अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प ले तभी उनका स्मरण सार्थक होगा। बंसल ने कहा कि विष्व में कोरोना महामारी का जो संकट आया है उससे भारत को मुक्त करवाने हेतु वैक्सीन के लिए लोगों में जागरुकता लाने का प्रयास करने का संकल्प हर मौके पर लिया जाना चाहिए। बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सेवासदन के डॉ. मुरली भगतानी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में तुलसी आडवानी, प्राचार्य आनंद वर्मा, उप प्राचार्या स्वाति कलवानी, पीआरओ दीपा आहूजा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वहीं, गांधीनगर में कांग्रेसजनों ने संविधान निर्माता बाबा सहाब अंबेडकर की जयन्ती का आयोजन किया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश संयोजक शिवप्रसाद अहिरवार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# राजधानी में तेज आंधी के साथ बारिश, शाम को बदला मौसम, कई जगह गिरे पेड़, बिजली गुल

भोपाल (काप्र)।

**राजधानी में बुधवार शाम अचानक मौसम बदल गया। करीब साढ़े छह बजे तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। इससे कई इलाकों में पेड़ गिर गए। कई क्षेत्रों में बिजली भी गुल हो गई। इससे पहले इंदौर में कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। तेज हवाओं के कारण सुबह से गर्मी से परेशान लोगों को हल्की राहत मिली।**

खंडवा और सागर में दोपहर बाद बादल छा गए। खंडवा, मुरैना में तेज हवा के साथ धूल के गुबार उठे।0 पश्चिमी राजस्थान की ओर से आए चक्रवात के कारण भोपाल, इंदौर समेत मालवा निमाड़ के ज्यादातर जिलों में मौसम में बदलाव आ गया है। बुधवार सुबह की शुरुआत तेज धूप से हुई, लेकिन दोपहर होते-होते अचानक से आसमान में काले घने बदल छाने लगे। शाम को काली घटाएं छा गईं। पिछले दो दिन से छाए हल्के बादल बुधवार शाम को गहरा गए। बादल और हल्की-हल्की हवा चलने के बाद भी पिछले दो दिनों से न्यूनतम तापमान में कमी नजर नहीं आ रही। सोमवार रात जो न्यूनतम पारा 24.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ था, वह मंगलवार रात 27.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके पहले मंगलवार सुबह बादलों की ओट में हुई थी। शाम पांच बजे तो धूप बिलकुल खत्म हो गई। बादल ही नजर आ रहे थे। हालांकि यह बरसने वाले नहीं थे। बादल और हवा के कारण ही दिन का तापमान स्थिर है। मंगलवार को यह 38.5 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य ही रहा। इस बार अप्रैल का महीना पिछले साल जैसा ही बीत रहा है। बीते साल का अप्रैल पिछले एक दशक में सबसे कम तापमान वाला था। अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री के स्तर तक ही था। इस बार भी तापमान 38 से 39 डिग्री के बीच ही रिकॉर्ड हो रहा है। महीने के अंत में इसमें कुछ इजाफा होने के आसार हैं। इसके पीछे कारण यह है, 20 अप्रैल गर्मी को प्रभावित कर रही उत्तर, पश्चिम हवा की दिशा बदल सकती है। फिर राजस्थान, गुजरात तरफ से हवा चलना शुरू होगी। यही हवा तापमान बढ़ा सकती है। विदर्भ में एक द्रोणिका भी बनी हुई है। इस कारण भी कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। खंडवा शहर समेत अंचल में बुधवार को मौसम अचानक बदल गया। दोपहर 3 बजे तेज हवाओं के साथ धूल के गुबार उड़ने लगे। शहर की सड़कों पर वाहनों के पहिए थम गए, तो तेज हवाओं से पेड़ों की टहनियां गिर गईं। मौसम के रुख को देखते हुए बिजली सप्लाई बंद रही। जावर-मूंदी अंचल में हल्की बारिश हुई। सागर में मौसम सुबह से शुष्क रहा। तेज धूप खिली। सुबह 9 बजे से ही धूप में चुभन रही। गर्म हवाओं ने लोगों को हलाकान किया, लेकिन दोपहर करीब 2.30 बजे मौसम ने अचानक करवट बदली। आसमान में बादल छा गए। हवाओं का दौर शुरू हुआ। इससे लोगों को गर्मी की तपन से कुछ हद तक राहत मिली। अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# साधु वासवानी स्कूल में कैंप, अभी तक 4296 लोगों को कोरोना के टीके लगे

भोपाल (हिनप्र)।

**सेवासदन नेत्र चिकित्सालय एवं साधू वासवानी स्कूल में अब तक 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र के कुल 4296 व्यक्तियों को कोरोना के टीके लगाये जा चुके हैं।**



सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय प्रबंधन ने निर्णय लिया है कि आम आदमी को कोरोना महामारी से बचाने के लिये सेवा सदन और साधू वासवानी स्कूल में लोगों को प्रतिदिन टीके लगाने का काम जारी रहेगा । दोनों जगह प्रात: 9 से संध्या 4 बजे तक टीके लगाये जायेंगे । संत सिद्धभाऊजी ने 45 साल के ऊपर के सभी लोगों से वैक्सीनशेन कराने की अपील की है। अवकाश के दिनों में भी टीके लगाने का कार्य जारी रहेगा । सेवासदन नेत्र चिकित्सालय एवं साधू वासवानी स्कूल में जिन भी नागरिकों को टीका लगाया जा रहा हैं उनके लिये प्रबंधन ने नाश्ता, चाय की व्यवस्था भी कर रहा है। 30 मिनट के वेटिंग टाइम में नि:शुल्क आंखों की जांच भी सेवासदन एवं साधू वासवानी स्कूल में की जा रही हैं ।

**फ्री में मॉस्क, सैनेटाइजर:** शिव मेडिकल स्टोर संतनगर पर मॉस्क लगवाओ सुरक्षित रहो अभियान चल रहा है। बीते 15 दिनों से मॉस्क और सैनिटाइजर मुफ्त में बांटे जा रहे हैं। अगले एक महीने तक यह सेवा चालू रहेगी। शिव मेडिकल स्टोर के संचालक वासुदेव आसवानी का कहना है कि संतनगर के हर एक घर में मॉस्क और सैनिटाइजर उपलब्ध हो सकें इसलिए यह सेवा कार्य किया जा रहा है।

# सेटेलाइट से चिन्हित हुआ अतिक्रमण, राजस्व विभाग हुआ सक्रिय

## सरकारी जमीन पर निर्मित 18 हजार पक्के अतिक्रमण तोड़े जाएंगे

भोपाल (काप्र)।

**राजस्व विभाग ने प्रदेशभर की जमीनों की सेटेलाईज इमेज के जरिए शासकीय भूमि पर 17 हजार 82 हेक्टेयर जमीन पर पक्के अतिक्रमण मिले है। यह जमीन शासकीय भूमि के नाम से दर्ज है। सभी पटवारियों को उनके क्षेत्र में शासकीय भूमि पर पक्के अतिक्रमण की जानकारी दे दी गई है। अब इन अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी।**

यदि किसी शासकीय भूमि पर शासकीय स्कूल, अस्पताल, कलेक्टर कार्यालय या सरकारी कार्यालय का भवन बना है तो खसरे में इसे उनके नाम से दर्ज किया जाएगा। जो निजी अतिक्रमण होंगे उन्हें हटाया जाएगा। प्रदेश में अभी तक शिकायत के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती थी। अतिक्रमण की जानकारी के लिए राजस्व अमले पर निर्भरता थी। लेकिन अब सेटेलाइट इमेज के आधार पर वरिष्ठ अफसर स्वयं टूल्स के जरिए निष्पक्ष तरीके से अतिक्रमण को लेकर निर्णय कर सकेंगे। सेटेलाईट इमेज से मिले अतिक्रमण के आधार पर खसरों को अपडेट करने की कार्यवाही भी की जाएगी। ऐसी शासकीय भूमि जो अन्य विभागों को अंतरित हो चुकी है परन्तु नाम दर्ज नहीं है उनको भी इस विश्लेषण में शामिल कर जमीन उन विभागो के नाम से दर्ज करने की कार्यवाही की जाएगी। पक्के अतिक्रमण के बाद कच्चे अतिक्रमण भी चिन्हित किए जाएंगे और उन्हें हटाने की कार्यवाही की जाएगी। इस तरह से राज्य सरकार प्रदेश में सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाएगी। प्रदेश में कुल 85 लाख 81 हजार 628 हेक्टेयर शासकीय भूमि का सेटेलाईज इमेज के आधार पर विश्लेषण कराया गया है।

**चुनाव वाले दमोह सहित पांच जिलों में सरकारी जमीन पर सर्वाधिक अतिक्रमण:** दमोह में जिले की कुल शासकीय भूमि1 लाख 91 हजार हेक्टेयर में से 4 हजार 319 हेक्टेयर क्षेत्र में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण है। लेकिन चुनाव के चलते अभी यहां अतिक्रमण हटाने की कोई कार्यवाही नहीं की गई है चुनाव बाद यहां अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरु हो सकती है। शासकीय भूमि पर बेजा कब्जे के मामले में कटनी प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। यहां 2 हजार 398 हेक्टेयर भूमि पर अवैधानिक कब्जा है। राजधानी भोपाल मेंभी एक हजार 715 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा है। झाबुआ में एक हजार 502 हेक्टेयर और भिंड में एक हजार 388 हेक्टेयर जमीन अतिक्रमण की चपेट में है। इन सभी स्थानों पर पटवारियों को अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया है।

# पेज एक से जारी खबरों के शेष

## पार्किंग चार्ज ...

था। लेकिन पार्किंग के कर्मचारी वहां पहुंचे गए, जहां मेरा ड्राइवर कार लेकर खड़ा हुआ था। मैंने जब कर्मचारियों से कहा कि कार तो परिसर में पार्क ही नहीं हुई तो चार्ज कैसा। तो उन्होंने कहा कि यहां आने वाले हर एक वाहन से पार्किंग चार्ज लिया जाता है, भले ही वाहन पार्किंग में हो या न हों। इतना ही नहीं, कर्मचारी ने उनसे यह तक कह दिया की पार्किंग चार्ज न देने पर उनकी कार जब्त कर ली जाएगी।

**पहले मुफ्त पार्किंग की व्यवस्था थी:** बता दें, अहमदाबाद एयरपोर्ट को टेकओवर करने के बाद अदाणी ग्रुप ने टर्मिनल के बाहर खुले मैदान का भी घेराव कर लिया है। इसमें एयरपोर्ट परिसर में प्रवेश करने वाले वाहनों की कंप्यूटराइज्ड एंट्री के साथ बाहर निकलने पर दोबारा स्केनिंग कर उनसे पार्किंग चार्ज वसूलने की व्यवस्था भी कर दी गई है। जबकि, इससे पहले टर्मिनल बिल्डिंग टी-1 और टी-2 के सामने मैदान में मुफ्त पार्किंग की व्यवस्था थी, जिसे अब खत्म कर दिया गया है।

**अडाणी ग्रुप को तीन हवाई अड्डों की मिली है जिम्मेदारी:** गौरतलब है कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अडाणी ग्रुप के साथ अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, अडाणी लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और अडाणी मंगलूरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के साथ एमओयू किया है। अडाणी ग्रुप को इन तीन हवाई अड्डों की जिम्मेदारी 50 वर्षों के लिए सौंपी गई है।

## सीबीएसई 10वीं...

झेल चुके हैं। ऐसे में 10वीं की परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए और 12वीं की परीक्षा को टाला जाना चाहिए।

**4 मई से शुरू होनी थीं सीबीएसई की परीक्षाएं:** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा 4 मई से होनी थीं। ऑल इंडिया स्टूडेंट एसोसिएशन भी 10वीं और 12वीं की परीक्षा को टालने की मांग कर चुकी थी। इस संबंध में एसोसिएशन की ओर से शिक्षा मंत्रालय को चिट्ठी लिखी गई थी। साथ ही छात्रों ने भी सोशल मीडिया पर कैंपेन चला रखा था। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं को मिलाकर करीब 35.81 लाख स्टूडेंट शामिल होने वाले थे। इनमें 12वीं के 14 लाख से अधिक और 10वीं के 21.50 लाख छात्र थे। कोरोना के कारण पिछले साल सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं के कुछ पेपर बाकी रह गए थे। तब 1 से 15 जुलाई के बीच होने वाले पेपर रद्द कर दिए गए थे। कोरोना से महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत कई राज्य बहुत ज्यादा प्रभावित हैं। कई अन्य राज्यों में भी स्थिति खराब होने की ओर बढ़ रही है। ऐसे में परीक्षा कराना बड़ी चुनौती थी। केंद्र के फैसले से पहले महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सरकारें अपने यहां होने वाली बोर्ड परीक्षाएं टाल चुकी थीं। इसके साथ देश के स्टेट बोर्ड ने भी परीक्षाएं टाल दी हैं।

## हर व्यक्ति को ...

कर रही है। पिछले 5 दिनों में प्रदेश में 16 सौ बिस्तर बढ़ाए गए हैं। प्रत्येक जिले में कोविड केयर सेंटर बनाए गए हैं। पर्याप्त रेमडेसिविर इंजेक्शन एवं ऑक्सीजन की व्यवस्था की जा रही है। ऑक्सीजन के छोटे-छोटे प्लांट लगाए जा रहे हैं।

**चार स्तर पर कार्य करें कोरोना वॉलेंटियर:** श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वॉलेंटियर्स मुख्य रूप से चार स्तरों पर कार्य करें। पहला- कोरोना संबंधी उपचार में लोगों की मदद करना, उनकी जाँच करवाना उन्हें अस्पताल पहुँचाना। दूसरा- 45 वर्ष की आयु के हर व्यक्ति को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करना, उन्हें वैक्सीनेशन केंद्रों पर ले जाना तथा वैक्सीनेशन केंद्रों पर व्यवस्थाओं में सहयोग करना। तीसरा- जनता को मास्क पहनने, 2 गज की दूरी रखने आदि कोरोना संबंधी सावधानियों का पालन करने के लिए जागरूक करना। चौथा- जनता को इस बात के लिए प्रेरित करना कि वे अपने गली, मोहल्ले, वार्ड, ग्रामीण क्षेत्र में स्व-प्रेरणा से कर्फ्यू लगाएँ तथा घर से बाहर न निकलें।

**अपना ध्यान भी रखें कोरोना वॉलेंटियर:** श्री चौहान ने कहा कि कोरोना वॉलेंटियर्स कोरोना मरीजों की सेवा करते समय स्वयं का भी पूरा ध्यान रखें। बिना पीपीई किट पहने किसी कोरोना मरीज से न मिलें। पूरे प्रयास करें कि हम खुद भी संक्रमित न हो और अपने परिवार को भी संक्रमित न होने दें।

## शुरू हुईं नई....

यह भी प्रयास किया जा रहा है कि अनावश्यक ऑक्सीजन का उपयोग न हो। प्रदेश को प्रतिदिन 500 मीट्रिक टन तक ऑक्सीजन उपलब्ध कराने का प्रयास है। प्रदेश में नई 8 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर यूनिट भी लग रही हैं। उज्जैन, शिवपुरी, सिवनी और खंडवा में यह शुरू हो गई हैं। शेष चार जिले मंदसौर, रतलाम, मुरैना और जबलपुर में लग रही हैं। हवा से ऑक्सीजन को पृथक कर मरीजों के लिए उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही एक अन्य कंसंट्रेटर उपकरण रोगियों के चेहरे पर लगाकर उपयोग में लाया जा रहा है। प्रदेश में अभी 180 कंसंट्रेटर हैं। इसके अलावा 750 कंसंट्रेटर अतिरिक्त मिल रहे हैं। कुल 2 हजार कंसंट्रेटर का अनुरोध किया गया है, जिसकी आपूर्ति हो रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रेमडेसिविर इंजेक्शन की कमी नहीं है। प्रदेश को अभी 31 हजार इंजेक्शन प्राप्त हो चुके हैं, गुरूवार को 12 हजार अतिरिक्त इंजेक्शन और मिलेंगे। आवश्यकता हुई तो हवाई सेवाओं का उपयोग भी इन्हें बुलवाने के लिए किया जा सकता है। कुल 50 हजार इंजेक्शन की सप्लाई का आर्डर दिया जा चुका है। प्रदेश में एक लाख तक इंजेक्शन की आपूर्ति का लक्ष्य है, ताकि अधिक से अधिक आवश्यकता प? जाने पर रोगियों के लिए व्यवस्था बनी रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह संकट का समय है। प्रदेश की जनता का हित मेरे लिए सर्वोपरि है। सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के लिए मैं 24 घंटे संकल्पबद्ध हूँ। आज दौरा निरस्त कर कोरोना रोकथाम के प्रयासों को सुनिश्चित किया है। वरिष्ठ अधिकारी भी अपने अमले के साथ प्रयत्नों की पराकाष्ठा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वर्तमान समय में आवश्यक है कि नवरात्रि पर्व और रमजान पर्व पर प्रार्थना और इबादत परिवार स्तर पर हो। अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण के ब?ते प्रकरणों के दृष्टिगत आमजन से सावधानियों का पूरी तरह से पालन करने को कहा है। बिना काम के घर से बाहर जाना संक्रमण को बढ़ा सकता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निजी संस्थाओं को कोरोना संक्रमण के संकट के समय सहयोग के लिए आगे आने की अपील की थी। शासकीय और निजी अस्पतालों में निरंतर बिस्तर ब?ाए जा रहे हैं। संक्रमण की रफ्तार को देखते हुए आवश्यक बेड की व्यवस्था के लिए आपात स्थिति को देखते हुए नियमों के पालन को भी शिथिल किया गया है। स्वैच्छिक संगठन भी आगे आए हैं। इंदौर में राधा स्वामी सत्संग न्यास द्वारा 500 बिस्तर का केंद्र प्रारंभ करने के लिए सहयोग दिया जा रहा है। भविष्य में जरूरत होने पर इसकी क्षमता भी बढ़ाई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विपदा के समय सभी नागरिकों से सहयोग देने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विभिन्न रहवासी संघ कॉलोनी स्तर पर स्वैच्छिक सहयोग कर रहे हैं। अन्य लोगों को भी उनका अनुसरण करना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मास्क का उपयोग न करना सामाजिक अपराध है। उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना ब?ाने का विचार किया जा रहा है।

## कोरोना मरीजों...

कराई जाए। उन्होंने कहा कि किडनी रोग से ग्रसित कोरोना मरीजों के लिए कोविड अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य और प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा इस व्यवस्था की नियमित समीक्षा करें। हर जिले के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत उपलब्धता बनी रहे। जिन अस्पतालों में सिलेंडर से ऑक्सीजन देने की व्यवस्था है, वहां ऑक्सीजन सिलेंडरों को तत्काल बदलने की व्यवस्था रहे। एसीएस स्वास्थ्य व प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा इसकी नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ में कोविड मरीजों के लिए 840 अतिरिक्त बेड की व्यवस्था हो गई है। बेड की संख्या और बढ़ाने के लिए तेजी से प्रभावी कार्यवाही की जाए। निजी मेडिकल कॉलेजों के कोविड अस्पतालों में अतिरिक्त चिकित्साकर्मियों व मेडिकल संसाधन की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। जांच पूरी क्षमता से की जाए। केंद्रीय संस्थानों की प्रयोगशालाओं की क्षमता का उपयोग करते हुए आरटीपीसीआर जांच और बढ़ाई जाए। इन संस्थानों में जरूरत के आधार पर मैनपावर के प्रबंध किए जाएं। कोविड जांच के लिए ट्रूनेट मशीनों का उपयोग तत्काल शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि होम आइसोलेशन के कोरोना मरीजों से नियमित संवाद बनाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए। इस काम में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-'1076' का भी उपयोग किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि होम आइसोलेशन के कोविड मरीजों को सभी निर्धारित दवाएं 'मेडिकल किट' की सुचारु आपूर्ति होती रहे। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के स्तर पर बेड की उपलब्धता, एम्बुलेंस व्यवस्था की जानकारी होनी चाहिए। हर जिले में डीएम, एसएसपी, एसपी व सीएमओ इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में बैठक कर स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति तय करें। सभी सरकारी व निजी कार्यालयों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कोविड हेल्प डेस्क को प्रभावी ढंग से संचालित किए जाएं।

## कोरोना ने तोड़े अबतक के सभी रिकॉर्ड

# एक दिन में 1 लाख 85 हजार नए केस, 1025 मौत से खौफ

नई दिल्ली(एजेंसी)।

**कोरोना की दूसरी लहर लगातार नए-नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही है। देश में मंगलवार रात तक संक्रमण के 185,248 नए मामले दर्ज किए गए। यह महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक एक दिन में मिलने वाले नए संक्रमितों का सर्वाधिक आंकड़ा है।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस अवधि में 1025 लोगों की मौत हो गई। अब तक के कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,38,70,731 हो गई है। कोरोना से पीड़ित लोगों के ठीक होने की दर और गिरकर 89.51 प्रतिशत रह गई है। आंकड़ों के मुताबिक, महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 1,72,114 हो गई है। उपचाराधीन लोगों की संख्या भी बढ़कर 13,60,330 हो गई है, जो संक्रमण के कुल मामलों का 9.24 प्रतिशत है। अब तक 1,23,32,636 कोरोना मरीज ठीक हो चुके हैं, कोरोना मृत्यु दर 1.25 प्रतिशत है। देश में 24 घंटों के दौरान जिन 1025 कोरोना संक्रमितों की मौत हुई है उनमें से 281 महाराष्ट्र से, 156 छत्तीसगढ़ से, 61 कर्नाटक से, 85 उत्तर प्रदेश से और 81 दिल्ली के लोग हैं। 25.9 करोड़ जांच- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के मुताबिक, 12 अप्रैल तक 25,92,07,108 नमूनों की जांच की जा चुकी है जिनमें से 14,00,122 नमूनों की जांच सोमवार को की गई।

**यूपी समेत चार राज्यों में 58 फीसदी नए मामल:** देश में एक दिन में सामने आ रहे संक्रमण के नए मामलों में ज्यादातर मामले 10 राज्यों से हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और केरल में प्रतिदिन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। महाराष्ट्र में सर्वाधिक 60,212 नए मामले दर्ज किए गए। इसके बाद 18,021 मामले उत्तर प्रदेश में, 15,121 मामले छत्तीसगढ़ में और दिल्ली में 13,468 नए मामले सामने आए हैं। इन चार राज्यों में कुल नए संक्रमितों में 57.9 फीसदी योगदान है। राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर तेजी से फैलने से करीब दो सप्ताह में संक्रमण की दर बढ़कर करीब 22 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

# बिजली कंपनी का प्री-मानसून मेंटेनेंस, 1 घंटे में करेंगे चिन्हित स्थानों पर पेड़ों की कटाई

**भोपाल ( काप्र )।** प्रदेश में तकरीबन 2 महीने बाद प्री-मानसून की दस्तक हो सकती है। इसके लिए बिजली कंपनी पेड़-पौधों की छंटाई के लिए जल्द ही नया शेड्यूल जारी करेगी। इसमें पूरे क्षेत्र की बत्ती गुल करने के बजाय इस बार ट्रांसफार्मर स्तर पर सप्लाई बंद कर मेंटेनेंस किया जाएगा, यानी गर्मी में ज्यादा लोगों को दिक्कत न हो ऐसा प्लान बिजली कंपनी के अधिकारी बना रहे हैं। बिजली लाइनों के नीचे या आसपास हरे पेड़-पौधे कई जगह नजर आते हैं और बारिश के दौरान फाल्ट का बड़ा कारण बनते हैं, इसलिए बिजली कंपनी प्री-मानसून मेंटेनेंस शुरू करने का मन बना चुकी है और कुछ जगह पर इसे शुरू भी किया जा चुका है। बिजली कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी और कोरोना काल को देखते हुए इस बार ट्रांसफार्मर स्तर पर ही सप्लाई रोकी जाएगी। इसमें सौ से डेढ़ सौ उपभोक्ता को सिर्फ 1 घंटे बिजली का अभाव महसूस होगा। हालांकि कुछ जगह पर और जल्द काम करने की योजना भी डिवीजन और जोन स्तर पर बनाई जाएगी, ताकि लोगों को गर्मी के समय में अंधेरे का सामना नहीं करना पड़े। वहीं पेड़ों की छंटाई का काम भी बारिश को देखते हुए शुरू किया जाएगा। हालांकि गर्मी के मौसम में प्री-मानसून बिजली मेंटेनेंस हर साल किया जाता है। अब कंपनी की नई योजना कितनी कारगर साबित होती है यह तो आने वाले दिनों में पता चलेगा, लेकिन इतना तय है कि गर्मी के मौसम में कुछ उपभोक्ताओं को तो कंपनी का यह फार्मूला कम ही पसंद आएगा।


**जाहिर सूचना**

**ग्राम रंगपुरा केसरी प.ह.नं. 13 तहसील व जिला रायसेन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्थित ग्राम रंगपुरा केसरी प.ह.नं. 13 तहसील व जिला रायसेन खसरा नं. 40/2 रकबा 0.971 हेक्टेयर संपूर्ण भूमि का क्रय करने का अनुबंध विक्रेता भीकम सिंह आ. श्री उदय सिंह ठाकुर निवासी ग्राम 4 खजूरी खुर्द रायसेन रोड भोपाल तहसील हुजूर जिला भोपाल वालों को बयाना राशि अदा कर दी है तथा भूमि का अनुबंध मेरे पक्षकार श्रीमती सीमा श्रीवास्तव पत्नी श्री जय नारायण श्रीवास्तव निवासी क्वार्टर नं. एफ-2 वर्धमान सिटी पटेल नगर रायसेन रोड भोपाल ने अपने पक्ष में करा लिया है।

यह कि यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फायनेन्स, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं वन विभाग कार्यालय आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूमि कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, वसीयत, गिरवी, रहन, मुख्तारनामा, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस की समयावधि में प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे सांची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन सर्विस प्रोपराईटर श्री रामकुमार साहू के यहां मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन/रजिस्ट्री करा ली जावेगी, समय व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति अमान्य समझी जावेगी उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक 14.4.2021.

**रामकुमार साहू**
**सर्विस प्रोपराइटर, प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे ,सांची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन**
**मो. नं. 9977120151**

133239